केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/प्रायोगिक परीक्षा/2024 **दिनांक: 07.03.2024**

सेवा में,
सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्य/प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड-2024 के संचालन के लिए तिथियों का विस्तार और अंक अपलोड करना।

महोदया/महोदय।

इसमें प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड-2024 के संचालन और अंकों को पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में दिनांक 11.12.2023 के परिपत्र का संदर्भ ग्रहण करें।

यह ध्यातव्य है कि बार-बार अनुस्मारक भेजने के बावजूद कुछ स्कूलों ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर उल्लिखित गतिविधियों को अभी तक पूरा नहीं किया है और अब बोर्ड से अनुरोध कर रहे हैं कि वे प्रायोगिक परीक्षाओं/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड-2024 के लिए अंक अपलोड करने की सुविधा प्रदान करें।

जिन स्कूलों ने अभी तक उपर्युक्त गतिविधियों को पूरा नहीं किया है, उन्हें इस कार्य को पूर्ण करने के अवसर प्रदान किए जाने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए कि यह निर्णय लिया गया है कि इन स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड-2024 आयोजित करने और 31 मार्च 2024 तक इनके अंकों को पोर्टल पर अपलोड करने का एक अंतिम अवसर दिया जाएगा।

अत: शेष सभी स्कूलों से अनुरोध है कि वे प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड-2024 के संचालन से संबंधित गतिविधियों को पूरा करें और अंकों को उल्लखित तिथि तक पोर्टल पर अपलोड करें।

इस संबंध में स्कूलों को आगे कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।
हस्ता/-

(डा. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:-

1. सभी क्षेत्रीय निदेशकों/अधिकारियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी स्कूल प्रायोगिक परीक्षा/परियोजना/आंतरिक मूल्यांकन/आंतरिक ग्रेड- 2024 के संचालन और अंकों को पोर्टल पर अपलोड करने से संबंधित गतिविधियों को 31 मार्च 2024 तक पूरा कर लें।
2. वेब-प्रशासन, सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।